23U240 (Pages: 2) Name: ……………………

Reg. No: …..………………

SECOND SEMESTER B.Sc. CS, FT/B.C.A./B.Voc./M.Sc. INTEGRATED GEOLOGY DEGREE EXAMINATION, APRIL 2024

(CBCSS – UG)

(Regular/Supplementary/Improvement)

CC19U HIN2 A08(3) / CC22U HIN2 A08(3) / CC21U GEC2 HD05 / CC19 HIN2I A08(3) / CC22 HIN2I A08(3) - POETRY AND SHORT STORIES

(Hindi – Common Course)

(2019 Admission onwards)

Time: 2.5 Hours Maximum: 80 Marks

Credit: 4

PART A

I. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है । आपको अधिकतम 25 अंक मिल सकते हैं ।**

1. कबीर की वाणी के संग्रह का नाम लिखिए । इसके कितने भाग हैं ? उनके नाम लिखिए ।
2. "विष का प्याला राणाजी भेज्या पीवत मीरा हाँसी रे ''। - विष देने का संदर्भ क्या है?
3. परोपकार के संबंध में रहीम का मत पठित दोहे के संदर्भ में व्यक्त कीजिए ।
4. "अरुण यह मधुमय देश हमारा

   जहाँ पहूँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा ''- कवि कौन हैं? पंक्तियों का भावार्थ लिखिए ।
5. ''अंत में

   सारी बस्ती छानकर
   लौटता हूँ निराश
   लाँघता हूँ कुएँ के पास की
   सूखी नाली ''- किस कविता की पंक्तियैं हैं ? कविता का विषय क्या है ?
6. ''और तुम को

   सिर्फ अपने
   प्यार के सुकुमार बंधन में
   हमेशा
   बाँध रखना चाहता हूँ ''। किस कविता की पंक्तियाँ हैं ? कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ?
7. 'प्यासा कुआँ' कविता का विषय क्या है ?
8. बेनीमाधवसिंह किस कहानी का पात्र है ? कहानीकार कौन हैं ?
9. लालबिहारी का परिचय दीजिए ।
10. "उसने फिर पूछा, आया हम भी भूख से मर जाएँगे "? किसने किससे पूछा ? किस कहानी का अंश है ?
11. मंगला और झुनिया कौन हैं ? वे सिनी आशा के संरक्षण में आने का कारण क्या है ?

12. डौली का परिचय दीजिए ।

13. श्रीकण्ठ की नाराज़गी का कारण क्या है ?

14. बग्गा साहब कौन है ?

15. ''तो मैं बना दूँगी, बेटा, जैसे बन पडेगा, बना दूँगी '' । किसने कहा ?

बेटा कौन है ? किस कहानी का अंश है ?

(Ceiling: 25 Marks)

PART B

II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है । आपको अधिकतम 35 अंक मिल सकते हैं ।

16. बोली एक अनमोल है जो कोई बोलै जानि,
हिये तराजू तौलि के, तब मुख बाहर आनि ।। -- भावार्थ लिखिए ।

17. रहिमन धागा प्रेम का , मत टोरो चिटकाय ।
टूटे से फिर ना जुडे, जुडे गाँठ पड़ जाये ।। - भावार्थ लिखिए ।

18. ''एक गहरा सा कूड़ादान है वह अब
उसकी प्यास सिसकी की तरह सुनी जा सकती है अब भी ''– किस कविता की पंक्तियाँ हैं ? भाव व्यक्त कीजिए ।

19. 'मुक्ति की आकांक्षा' में कवि किसकी मुक्ति का अल्लेख करते हैं ? इस कविता की समीक्षा कीजिए ।

20. "अकाल में दूब नामक कविता में चर्चित विषय को पाठकों तक पहूचाने में कवि सफल हुए हैं" - इस कथन पर आप का मत व्यक्त कीजिए ।

21. ''बडे घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं'' - क्यों ऐसा कहा ?

22. 'आदमी का बच्चा' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

23. पिंकी के व्यवहार की कठोरता का कारण व्यक्त कीजिए ।

(Ceiling: 35 Marks)

PART C

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है ।

24. 'नयी नारी' कविता में अभिव्क्त संकल्पनाओं की समीक्षा कीजिए ।

25. पठित दोहों के आधार पर कबीरदास के सामाजिक और दार्शनिक विचारों पर प्रकाश डालिए ।

26. "ग्रामीण पारिवारिक जीवन का चित्रण 'बडे घर की बेटी' में हुआ है" - इस कथन पर विचार कीजिए ।

27. "वर्तामन युग की स्वार्थता और वृद्ध समस्या का चित्रण 'चीफ की दावत' कहानी में किया है" - इस विचार का विश्लेषण कीजिए ।

(2 × 10 = 20 Marks)

****